तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 29 सितंबर 2025

16 प्रभारी मंत्री बघेल गणेश महायज्ञ में हुए शामिल



16 विधायक ने किया पेंशन भवन का लोकार्पण





## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

# प्लास्टिक कचरों से नालियां जाम, तो तालाब एवं नाले हो रहे प्रदूषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथिन का उपयोग शहर में धड़ल्ले से हो रहा है। नगरीय निकाय क्षेत्रों ने कार्रवाई भी बंद कर दी है। इसके चलते ही पॉलीथिन, डिस्पोजल और सिंगल यूज प्लास्टिक के सामानों की बाजार में बिक्री अधिक मात्रा में हो रही है। जिला मुख्यालय के अनेक दुकानों में प्रतिबंधित सिंगल यूज पॉलीथिन और प्लास्टिक की बिक्री बड़े पैमाने पर हो रही है। नगरीय निकाय व जिला प्रशासन की टीम यदि प्लानिंग के साथ कार्रवाई करे तो भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन का जखीरा मिलेगा। एक अनुमान के अनुसार जिले में प्लास्टिक से बने सामानों का हर महीने करीब लाखों रुपए का व्यवसाय होता है। सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री में 50 फीसदी की वृद्धि हुई है। शहर समेत गांव-गांव में इसकी दुकानें खुल गई है। वर्तमान में शहर में मेन मार्केट के कई दुकानों में धड़ल्ले से प्रतिबंधित प्लास्टिक की बिक्री हो रही है। जब अमानक पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगा, तब नगर पालिका प्रशासन द्वारा वर्षों पूर्व कार्रवाई हुई थी। ठेले या फिर बड़ी दुकानें हो, सभी जगह प्रतिबंधित पॉलीथिन व प्लास्टिक का उपयोग हो रहा है। इस पर लगाम लगाने की दिशा में जिला प्रशासन की कोई पहल नहीं हो रही है

## सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री पर रोक लगाने में नाकाम है प्रशासन

### यहां पर बिक रही पॉलीथिन

नगर के मेन मार्केट लाइन, बाजार सहित शहर के कई दुकानों में पॉलीथिन की बिक्री हो रही है। कार्रवाई नहीं होने से पॉलीथिन, डिस्पोजल और सिंगल यूज प्लास्टिक के सामानों की बाजार में बिक्री फिर से बढ़ गई है। कड़ी कार्रवाई नहीं होने से ऐसे दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं।



### 40 फीसदी प्लास्टिक और पॉलीथिन

शहर से निकलने वाले कचरे में 40 प्रतिशत से अधिक प्लास्टिक और पॉलीथिन निकल रहा है। गलियों की नालियां हो या फिर नगर के महामाया मंदिर स्थित जैसे बड़ा तालाब तो प्लास्टिक और सिंगल यूज पॉलीथिन से अटी पड़ी है। नालों के जाम होने के पीछे प्लास्टिक ही बड़ा कारण है। साथ ही बड़ी मात्रा में डिस्पोजल जैसे प्लास्टिक कचरा फेंका जा रहा है।

## समस्या : कीटनाशक दवाओं की कीमत किसानों का आर्थिक बोझ बढ़ा रही

# धान की फसल पर कीटों का प्रकोप, किसानों की मुश्किलें बढ़ी, रोकथाम के उपाय नाकाफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में धान की लहलहाती फसल पर तना छेदक, भूरा माहू और पेनिकल माइट जैसे कीटों का गंभीर हमला हुआ है, जिससे किसान चिंतित हैं। इस समय धान की फसल परिपक्व अवस्था में है और जरा सी भी लापरवाही उपज को पूरी तरह से बर्बाद कर सकती है। किसान को लगातार कीटनाशकों का छिड़काव कर रहे हैं, लेकिन किसान इन महंगी दवाओं की लागत को लेकर परेशान हैं। भूरा माहू ब्राउन प्लांट हॉपर यह कीट पत्तियों को पीला कर देता है और पौधे गोल-गोल धब्बों में सूखने लगते हैं। इससे तना भूसे जैसा हो जाता है। इसकी रोकथाम के लिए दवाई दुकान वाले थायोमेथोक्साम, ट्राईजॉफॉयरिम और इमीडाक्लोरप्रिड जैसी दवाओं का छिड़काव करने का सुझाया है। तना छेदक स्टेम बोरर यह कीट धान की टहनियों में छेद करके पौधों को अंदर से खोखला कर देता है, जिससे डेड हार्ट और सफेद बाली जैसी समस्याएं आती हैं। पेनिकल माइट इस कीट से पत्तियों पर आँख जैसे धब्बे बन जाते हैं। इस बार धान की फसल पर कीटों के प्रकोप ने किसानों की मुश्किलों को बढ़ा दिया है। इस अचानक आए संकट से किसान हताश हैं और उनकी मेहनत पर पानी फिरता दिख रहा है। पिछले कुछ हफ्तों से विभिन्न हिस्सों में धान की फसलों में माहू एफिड और तना छेदक स्टेम बोरर जैसे कीटों का भारी प्रकोप देखा गया है। ये कीट फसल को जड़ों से लेकर पत्तियों तक नुकसान पहुँचा रहे हैं, जिससे पैदावार में भारी गिरावट की आशंका है। किसानों का कहना है कि उन्होंने बचाव के लिए कई उपाय किए, लेकिन ये नाकाफी साबित हो रहे हैं।

### किसानों की पीड़ा

किसान अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर परेशान हैं। भुरका के किसान राजू साहू, दुकालु राम साहू, रोशन साहू एवं बम्हनी के किसान बल्लु साहू ने बताया हैं कि इन कीटनाशकों की बढ़ती कीमत का बोझ किसानों पर ही पड़ता है। किसानों का कहना है कि कर्ज लेकर दवाएं खरीदते हैं, फिर भी नुकसान उठाना पड़ता है। उनकी पीड़ा है कि वे मेहनत करें, कर्ज लें, और नुकसान भी झेलें ।



### धान की फसल पर कीटों का हमला

कई गांवों में धान की फसल पर माहू, तना छेदक, और पत्ती लपेटक जैसे कीटों का प्रकोप देखा गया है। इन कीटों के कारण धान की फसल को भारी नुकसान हो रहा है। किसानों का कहना है कि उन्होंने कीटनाशकों का छिड़काव किया है, लेकिन कीटों का प्रकोप कम नहीं हो रहा है।

### बस ने मारी बाइक को टक्कर, तीन घायल

**महासमुंद।** ग्राम घोड़ारी के पास बस की टक्कर से तीन लोग घायल हो गए। मामला 18 सितंबर का है। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थिया रेवती साहू निवासी ग्राम सुकुलबाय ने बताया कि 18 सितंबर को वह अपनी मां कुमारी बाई साहू, पिता ईश्वरी प्रसाद साहू सभी मोटर सायकल हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस क्र. सीजी06पी4399 से ग्राम सुकुलबाय से ग्राम निषदा आरंग जा रहे थे। लगभग सुबह 11.15 बजे एनएच 53 पाल ढाबा के पास ग्राम घोड़ारी पहुंचने पर पीछे से आ रहे एक बस के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उनकी मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट के दौरान बस का पहिया प्रार्थिया की मां कुमारी बाई साहू के बांया पैर में चढ़ गया, जिससे गंभीर चोट लगी और उनके बाएं पैर को काटना पड़ा, वहीं उसे और उसके पिता जी को भी चोटें आई। मामले में आरोपी अज्ञात बस के चालक के विरूद्ध धारा 184 मो. व्ही.एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट का प्रयास

**महासमुंद।** पिथौरा के बागड़पारा में रहने वाली एक महिला के साथ मारपीट का प्रयास करने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पिथौरा पुलिस को उर्मिला यादव वार्ड नं 13 बागडपारा पिथौरा ने बताया कि 28 सितंबर को वह सुबह अपने घर में थी, उसके पड़ोस में मानिकपुरी परिवार रहते हैं। इसी दौरान यदुराज मानिकपुरी के रिश्तेदार बागबाहरा से आये थे और यदुराज के मां के साथ मारपीट करने के लिये उतारू हो रहे थे। तभी उसकी मां भागते हुए प्रार्थिया के घर आ गई, जिसे दौड़ते हुए आरोपी नीरज मानिकपुरी, माखन मानिकपुरी व उसके अन्य एक साथी आये और प्रार्थिया के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट का प्रयास करने लगे, जिस पर उसकी मां ने बीच बचाव किया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### युवक की मौत

**महासमुंद।** निजी कार्य बैतारी चौक की ओर पैदल जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक सुकलाल यादव पिता परसराम यादव उम्र 37 वर्ष गोपालपुर थाना पिथौरा हाल निवास वार्ड नं 11 बाजारपारा सरायपाली 26 सितंबर की रात रात्रि 7.30 से 8 बजे के बैतारी चौक तरफ पैदल जा रहा था, उसी समय किसी अज्ञात वाहन चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं खतरनाक ढंग से लापरवाहीपूर्वक चलाकर पीछे से एक्सीडेंट कर दिया, जिससे सुकलाल के बांये पैर घुटने में चोट लगी। जिसकी इलाज के दौरान अस्पतालमें मौत हो गई। मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस, 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## विधायक योगेश्वर के जन्मदिन पर आज होगा महारुद्राभिषेक, आएंगे विधानसभा अध्यक्ष

**महासमुंद।** स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के जन्मदिन के अवसर पर आज 29 सितंबर को धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। विधायक कार्यालय परिसर में सुबह 10 बजे से महारुद्राभिषेक का आयोजन होगा। महाकाल महादेव की पूजा अर्चना व अभिषेक होगा। विधायक परिवार सहित कई दम्पत्ति इस अनुष्ठान में हिस्सा लेंगे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से इस धार्मिक अनुष्ठान के सहभागी बनने की अपील की है। बताया गया है कि आयोजन स्थल पर ही विधायक सिंहा का जन्मदिन मनाया जाएगा। साथ ही यहीं क्षेत्र की जनता से विधायक सिन्हा भेंट मुलाकात करेंगे। आयोजन की तैयारी व्यापक स्तर पर की जा रही है। विधायक योगेश्वर राजू सिंहा के जन्मदिन कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल होंगे। श्री सिंह दोपहर 1 बजे विधायक कार्यालय परिसर पहुंचेंगे। कार्यक्रम पश्चात वे 3 बजे वापस राजधानी रवाना होंगे।



### मानिक बने किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष

**महासमुंद।** किसान कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्षों की सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी की गई है। जिसमें जिला से मानिक साहू को किसान कांग्रेस का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। मानिक की नियुक्ति से कांग्रेसजनों में हर्ष का माहौल है। बीते कार्यकाल में मानिक साहू बिरकोनी प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष भी रहे। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा है कि उनका लक्ष्य सिर्फ पदों की घोषणा करना नहीं, बल्कि किसानों को संगठन की मुख्यधारा में लाना है।



## हाई स्कूल मैदान में रास गरबा उत्सव 2025 का आयोजन

# सर्व हिंदू समाज के गरबा आयोजन में निर्धारित परिधान में उमड़ रहे लोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर के हृदय स्थल हाई स्कूल मैदान में सर्व हिंदू समाज के बैनर तले एवं विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के विशेष सहयोग से रास गरबा उत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित मां दुर्गा की भक्ति में आयोजित रास गरबा उत्सव में सर्व हिंदू समाज द्वारा की गई अपील के मद्देनजर भारी संख्या में लोग पारंपरिक परिधान पहनकर शामिल हो रहे हैं।

स्थानीय हाई स्कूल मैदान में आयोजित रास गरबा उत्सव में प्रतिदिन गरबा स्थल में भारतीय संस्कृति एवं पूजा पद्धति को ध्यान में रखते हुए गोमूत्र का छिड़काव कर नगर की कुलदेवी मां महामाया, मां दुर्गा, मां भारती एवं वीर बजरंगी हनुमान जी की पूजा एवं आरती पश्चात गरबा प्रारंभ की जाती है जिसमें महिला वर्ग भारतीय संस्कृति के परिधान सलवार सूट, साड़ी या गरबा परिधान और पुरुष वर्ग पेंट शर्ट, कुर्ता पैजामा या गरबा परिधान पहनकर गरबा उत्सव में भाग ले रहे हैं। दुर्गा वाहिनी की बहनों एवं बजरंग दल के भाइयों एवं सर्व हिंदू समाज के सदस्यों के द्वारा प्रतिदिन प्रवेश द्वार पर गरबा में आने वाले सभी आगंतुकों का तिलक लगाकर स्वागत किया जा रहा है। हिंदू संस्कृति एवं धार्मिक मान्यताओं को प्रमुखता से रखते हुए प्रथम बार नगर में आयोजित पारंपरिक रास गरबा उत्सव में भारी भीड़ से सर्व हिंदू समाज एवं आयोजन समिति के सदस्यगण उत्साहित हैं। समिति के संरक्षकों द्वारा प्रतिदिन शाम साढ़े 6 बजे मां दुर्गा की आरती कर गरबा की शुरुआत की जाती है एवं रात्रि 10 बजे माँ दुर्गा जी की सामूहिक आरती से गरबा समापन हो रहा है।

आयोजन समिति के द्वारा प्रतिदिन पुरुष वर्ग एवं महिला वर्ग के लिए भारतीय वेशभूषा में आने वाले सबसे अच्छे प्रतिभागियों का चयन कर उनको पुरस्कृत किया जाता है। गरबा के प्रथम दिन आदिवासी समाज के परिधान में आए हुए भाइयों का समिति के सदस्यों ने मंच पर बुलाकर उत्साहवर्धन किया एवं अपनी भारतीय संस्कृति के परिधान को बढ़ावा देने पर हर्ष जताया है।



## खबर संक्षेप



### मामा भांचा में पंचमी पर हुई विशेष पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम मामाभांचा में दुर्गा समिति एवं समस्त ग्राम वासी के द्वारा शारदीय नवरात्रि के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की विधिवत पूजा अर्चना कर पंचमी मनाया गया। जिसमें दुर्गा मां कि औजार स्वरूप सांग (बाना), त्रिशूल, ढाल, सांकड़ आदि का लोहार के द्वारा संवारने का कार्य किया जाता है, जिसमें बंदन, काजल लगाकर हार चढ़ाकर कर माता के सामने स्थापित किया गया। उक्त पूजा में बैगा रामजी ध्रुव, हरक कन्नौजे, धनसाय साहू, मनोज गिरि, अशवन पटेल, गणेश्वर पटेल, अरुण साहू, राज साहू, तोमेश साहू, भीष्म विश्वकर्मा, दीनू विश्वकर्मा, भुनेश्वर चक्रधारी, छन्नू यादव, जीतेश साहू, कृष्णा यादव, डेविड महानंद, देवेश कन्नौजे, हिमांशु यादव, तारणी महानंद, ट्विंकल कन्नौजे, खुमन, हेमप्रकाश, मुकेश कन्नौजे, धावेश, पीयूष, रोहन सहित बड़ी संख्या समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### सेक्टर स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज बनी विजेता

**महासमुंद।** महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे के निर्देशन एवं दिलीप लहरे क्रीड़ा अधिकारी के नेतृत्व में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की महिला कबड्डी टीम ने सेक्टर स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदा बाजार में 26 व 27 सितंबर को आयोजित थी, लगातार दो वर्षों से महाविद्यालय की कबड्डी टीम सेक्टर की विजेता रही है इस प्रतियोगिता में महासमुंद की टीम ने सेमीफाइनल मैच में शासकीय महाविद्यालय कसडोल को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। महासमुंद ने फाइनल मैच आयोजक महाविद्यालय शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदा बाजार से खेला, जिसमें महासमुंद ने 20 अंक और बलौदा बाजार 16 अंक प्राप्त किए। इस तरह महासमुंद 4 अंक से विजयी रही। टीम की हसीना, चंदा, चांदनी, तिर्ती, उर्वशी, अंजनी, पूर्णिमा, रामेश्वरी, ममता, खिलेश्वरी खिलाड़ियों के खेल प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए महाविद्यालय के तीन खिलाड़ी हसीना चांदनी और चंदा का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ।

### बृजराज स्कूल में आयोजित हुआ न्योता भोज

**महासमुंद।** पीएम शासकीय बृजराज प्राथमिक शाला महासमुंद में आज शाला विकास समिति के अध्यक्ष अशोक नामदेव एवं ज्योति नामदेव के द्वारा अपने पुत्र कक्षा पांचवी में अध्ययनरत युवांश नामदेव के जन्मदिन अवसर पर शाल में न्योता भोज दिया गया। सभी बच्चों को आलू चाप, जलेबी एवं स्नेकर चॉकलेट का वितरण किया गया। इस न्यौता भोज में 182 बच्चे लाभान्वित हुए। इस अवसर पर प्रधान पाठक गोमती साहू, संकुल समन्वयक सुरेंद्र चंद्राकर शिक्षक देवेंद्र ठाकुर, मनीषा साहू, बिमलेश्वरी दुबे, स्वाति सिन्हा रसोइया लक्ष्मी साहू, मोनिका, ईश्वरी, निशा उपस्थित रहे।

---

**आयोजन : स्व. डॉ. पद्मा डड़सेना स्मृति शिक्षक सम्मान समारोह हुआ**

# शिक्षक समाज की रीढ़ हैं, जिनके बिना राष्ट्र निर्माण अधूरा : चातुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

- छग चौहान सेना द्वारा 51 शिक्षक शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित



छत्तीसगढ़ चौहान सेना द्वारा आयोजित स्व. डॉ. पद्मा डड़सेना स्मृति शिक्षक सम्मान समारोह गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 51 शिक्षक शिक्षिकाओं को क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात स्व डॉ पद्मा डड़सेना के छायाचित्र पर मल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं, जिनके बिना राष्ट्र निर्माण अधूरा है। शिक्षक ना केवल बच्चों को बेहतर शिक्षा देते है बल्कि उनके भविष्य को संवारने का काम भी शिक्षक करते है।

विधायक चातुरी नंद ने अपने गुरु स्व. डॉ. पद्मा डड़सेना को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा और समाजसेवा में जो आदर्श प्रस्तुत किया, वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगा। कार्यक्रम में आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, वरिष्ठ शिक्षिका डॉ शुभ्रा डड़सेना, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष आरएन आदित्य, चौहान सेना के कार्यकारी अध्यक्ष उदय चौहान, अधिवक्ता संघ के ब्लाक अध्यक्ष एडवोकेट पुरुषोत्तम पटेल मंचासीन रहे। कार्यक्रम को राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक डॉ अनिल प्रधान सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

#### ये शिक्षक हुए सम्मानित

कार्यक्रम में प्रतिभा चौधरी, भोजकुमारी पटेल, अमृता पटेल, सरित मांझी, जयंत बारिक, विनोद चौधरी, गीता राय, प्रज्ञा शर्मा, टीकाराम चौधरी, बजरंग लाल यादव, दयानंद चौधरी, अमृतलाल पटेल, अनंतराम पटेल दुष्यंत पटेल, पुष्पा परेश्वर, धर्मेंद्रनाथ राणा, हेमंत चौधरी उमाशंकर पटेल, किरण पटेल, अंजनि चौहान, पंचानन साहू, कौशल साहू, तरवती पटेल, पुष्पांजलि चौधरी, दया नायक, राधा पटेल, स्मिता साहू, केशव साहू, उत्तम साहू, रिवाराम वर्मा, पुष्पा परेश्वर, धर्मेंद्रनाथ राणा, जयंत बारिक, क्षेत्रपाल भोई सहित कुल 51 शिक्षक शिक्षिकाओं को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

#### कार्यक्रम में इनका रहा विशेष योगदान

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम, चौहान सेना के ब्लाक अध्यक्ष कैलाश तांडी, घुरउ चौहान, तन्मय पंडा, कृष्णा चौहान, केवरा चौहान, विभीषण चौहान, ओमप्रकाश चौहान, ईश्वर चौहान, दुष्यंत साहू, जयंत यादव, शिवम चौहान सहित चौहान सेना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

---

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पिथौरा में निकाली गई स्वच्छता रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

- स्वच्छता के लिए सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक : देवेश

नगर पंचायत पिथौरा द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत पीएम विद्यालय से स्वच्छता रैली निकाली गई। इस रैली में स्कूली बच्चों, स्काउट-गाइड, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

रैली में बड़ी संख्या में शामिल बच्चों ने हाथों में स्वच्छता संदेश लिखे बैनर और तख्तियां लेकर नगरवासियों को जागरूक किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार का अभियान नहीं, बल्कि यह आमजन का आंदोलन है। इसमें सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

रैली में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद, पार्षद मनु ठाकुर, पार्षद रामकुंवर सिन्हा, तहसीलदार ललित कुमार, सीएमओ बिरझुराम सोनबर, बीआरसी नरेश पटेल, पीएम विद्यालय के प्राचार्य एमडी प्रधान सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---

## ग्रामीण अंचल में फल फूल रहा है अवैध शराब का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

अंचल में बड़े पैमाने पर अवैध शराब का कारोबार फल फूल रहा है। गांव में जहां देशी महुआ शराब की अवैध बिक्री धड़ल्ले से हो रही है वहीं शहरी क्षेत्र में होटल, ढाबों में धड़ल्ले मं शराब बिक रही है। अवैध शराब बिक्री पर आबकारी विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई नहीं होने से शराब तस्करों के हौसले बुलंद हैं। अवैध शराब पर कार्रवाई करने के लिए आबकारी विभाग गठित है मगर जिस तरह से अवैध शराब की बिक्री हो रही है उससे आबकारी विभाग की भूमिका को लेकर प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं। ग्रामीण अंचल में शराब खोरी का दौर शुरू हो गया है। गांवों में इन दिनों शराब बनाने और बिक्री की होड़ मच गई है। इन दिनों गांव गांव में शराब कोचियों के माध्यम से शराब की बिक्री हो रही है। कितनी मात्रा में शराब बनाया और बेचा जा रहा है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि क्षेत्र में शाम होते ही शराब अड्डों के सामने शराबियों की भीड़ लग जाती है। शराब खोरी के चलते गाँवों की अमन चैन खतरे में पड़ गया है। यहां तक की चोरी, लूटपाट, मारपीट जैसी आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं।

#### राजस्व का हो रहा है नुकसान

सरकार के राजस्व का बहुत बड़ा हिस्सा शराब का होता है। जो शराब शासन द्वारा संचालित देशी और अंग्रेजी शराब दुकानों में बिक्री होती है उससे सरकार को एक अच्छी खासी आय होती है मगर क्षेत्र मं बिक रही अवैध शराब का सीधा असर राजस्व पर पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जब कम दाम पर शराब आसानी से सुलभ हो तो फिर शराब दुकान में जाकर महंगी शराब क्यों खरीदें? जब महुआ शराब 30 रु. में मिल जाए तो फिर 130 रु. का देशी पौवा क्यों खरीदे? देशी शराब दुकानों की अपेक्षा होटल ढाबों एवं कोचियों के पास ज्यादा संख्या में शराबी पहुंच रहे हैं। अवैध शराब को रोकने के लिए पूरा तंत्र मौजूद है। गांव में कोटवार, पटवारी, सरपंच, सचिव से लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तक तैनात हैं। उसके बावजूद भी अवैध शराब पर अंकुश नहीं लग पाना तंत्र की विफलता मानी जा रही है। अवैध शराब पर पूरा तंत्र जानबूझकर शुतुरमुर्ग बना हुआ है। लोगों का मानना है कि गांव में शराब बिके तो गांव के सरपंच, सचिव, कोटवार को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई की जाए तो दूसरे दिन से ही अवैध शराब पर अंकुश लग सकता है। इधर एक वर्ग का कहना है की सूचना तो दी जाती है मगर कार्रवाई नहीं की जाती। आबकारी विभाग के पास इतना स्टॉफ नहीं कि वह गांव-गांव जाकर अवैध शराब को रोक पाए। इसलिए शासन को चाहिए कि गांव में बिक रहे अवैध शराब पर अंकुश लगाने के लिए एक नई रणनीति पर काम करे।

---

## भाजपा नेत्री के जन्मदिन पर लगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस एवं भाजपा की वरिष्ठ नेत्री सरला कोसरिया के जन्मदिवस पर भाजपा मंडल बलौदा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 5 लोगों ने रक्तदान किया।

भारतीय जनता पार्टी मंडल बलौदा द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रविवार को मंडल मुख्यालय बलौदा में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विशेष रूप से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस और भाजपा की वरिष्ठ नेत्री, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष तथा वर्तमान में महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया के जन्मदिवस के अवसर पर संपन्न हुआ।

शिविर में उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली और कुल 75 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। यह संख्या प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिवस के अवसर को एक विशेष संदेश देती है कि 75 वर्ष – 75 रक्तदानी के रूप में यह आयोजन सेवा और समर्पण का अद्वितीय प्रतीक बन गया। इस कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी पद्मिनी भोई ने किया। युवा कार्यकर्ता वेदव्यास साव ने युवाओं को प्रेरित करने में अग्रणी भूमिका निभाई। संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर बालोदिया का विशेष योगदान रहा। साथ ही, भाजपा मंडल बलौदा के समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने विशेष सहयोग प्रदान करते हुए इस रक्तदान शिविर को सफल बनाया। इसके अतिरिक्त, जिला पंचायत क्षेत्र की सदस्य कुमारी भास्कर की भी सक्रिय भूमिका रही, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मंडल अध्यक्ष नीलांबर तांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जीवन को राष्ट्रसेवा और गरीब कल्याण को समर्पित किया है। उनके 75वें जन्मदिवस पर 75 लोगों द्वारा रक्तदान कर यह आयोजन ऐतिहासिक बन गया। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आगामी दिनों में स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, और विभिन्न सामाजिक जन कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा मंडल बलौदा के सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर प्रधानमंत्री मोदी और सरला कोसरिया को भी जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं अर्पित की गईं।

---

## बसना में बनेगा आधुनिक 100 बिस्तर अस्पताल सांसद रूप कुमारी चौधरी ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- चौधरी ने स्वास्थ्य मंत्री एवं मुख्यमंत्री का जताया आभार

बसना विधानसभा अंतर्गत बसना विकासखंड के शासकीय अस्पताल के स्वविस्तारित भवन निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 18 करोड़ 6 लाख 48 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए महासमुंद लोकसभा की सांसद रूप कुमारी चौधरी ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया है।

सांसद चौधरी ने कहा कि अस्पताल भवन के निर्माण पूर्ण होने के पश्चात स्थानीय आमजन को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ सुलभ होंगी। इससे बसना विकासखंड सहित आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लाखों लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलेगा।



उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ शासन एवं स्वास्थ्य मंत्री द्वारा लगातार लोककल्याण और जनहित को केंद्र में रखकर उठाए जा रहे कदम सराहनीय हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में निरंतर किए जा रहे ये प्रयास प्रदेश की जनता के जीवन को सशक्त बनाने और छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास को गति देने में मील का पत्थर साबित होंगे।

---

**चक्रवात के असर से क्षेत्र में झमाझम बारिश**



नर्रा। चक्रवात के असर बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव के चलते एक बार फिर मौसम ने करवट ली। इस कारण शुक्रवार रात से क्षेत्र में गरज चमक के साथ रुक रुक कर बारिश हुई।

---



### महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में

**सरायपाली (ग्रामीण)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण सम्मेलन 27 सितंबर को आयोजित किया गया। जिसमें जनपद सभापति बालमोती पटेल की उपस्थिति में महिला सशक्तिकरण पर भाषण प्रतियोगिता व ग्रामीण क्षेत्र मे घरेलू हिंसा की रोकथाम हेतु ग्राम स्तर पर क्या प्रयास कर सकते हैं। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। उक्त प्रतियोगिता मे महिलाओ ने बहुत उत्साह से भागीदारी निभाई और अपने विचारों को व्यक्त किया। जिसमें खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ कुणाल नायक, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह, मितानिन कार्यक्रम से सभी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, मितानिन प्रशिक्षक व जनपद सदस्य प्रतिनिधि रेशम लाल पटेल उपस्थित रहे।

### सिरको में दुर्गा उत्सव की धूम, भक्तिभाव में लीन श्रद्धालु

**बसना।** नवरात्रि पर्व के अवसर पर सिरको में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना विधिवत रूप से जारी है। आज षष्ठी के दिन श्रद्धालु मां कात्यायनी की आराधना में लीन होकर पूरे भक्तिभाव से पूजा कर रहे हैं। मंदिरों और पंडालों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। दुर्गा उत्सव समिति सिरको के तत्वावधान में आयोजित इस महापर्व में आस-पास के गांवों पिरदा, बोईरडीह सहित अन्य स्थानों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। भक्त मंडलियां जशगीत और भक्ति गीतों के माध्यम से माहौल को भक्तिमय बना रही हैं। जयकारों से पूरा वातावरण देवीमय प्रतीत हो रहा है। नवरात्र के अवसर पर अनेक श्रद्धालु 9 दिन का व्रत रखकर माता की आराधना कर रहे हैं। उपवास करने वाले श्रद्धालु माता की सेवा को अपना जीवन समर्पित कर चुके हैं। कई भक्त पूरे समय नंगे पांव रहकर पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन और सेवा में लगे हुए हैं। यह दृढ़ आस्था और भक्ति का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है। पूरे आयोजन में ग्रामीणों का विशेष सहयोग देखने को मिल रहा है। महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से उत्सव और अधिक जीवंत बन पड़ा है। दुर्गा उत्सव समिति ने भक्तों की सुविधा के लिए पेयजल, प्रसाद वितरण और रात्रिकालीन भजन मंडलियों की व्यवस्था की है। श्रद्धालुओं का कहना है कि नवरात्र केवल उत्सव ही नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और मां दुर्गा से शक्ति, साहस और भक्ति की प्राप्ति का अवसर है। सिरको में चल रहे इस आयोजन से पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और सामूहिक एकता की भावना झलक रही है।



---

**मोहंदा के स्कूल परिसर में पौधरोपण, छात्राओं को वितरित की गई साइकिल**

# ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान मातृ शक्ति के प्रति सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल शनिवार को सराईपाली विकासखंड के ग्राम मोहंदा में ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्कूली बच्चों को साइकिल वितरित की। प्रभारी मंत्री बघेल ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहंदा के स्कूल परिसर में पीपल, सांसद रुपकुमारी चौधरी ने अशोक और बसना विधायक संपत अग्रवाल ने जामुन का पौधा लगाया। पश्चात मंत्री बघेल शासकीय माध्यमिक विद्यालय मोहंदा में साइकिल वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मंत्री बघेल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह मातृ शक्ति के प्रति सम्मान का भी प्रतीक है। साइकिल वितरण को लेकर उन्होंने कहा कि यह बच्चों को स्कूल आने-जाने में सुविधा प्रदान करेगा और उनकी शिक्षा को प्रोत्साहन देगा। इसके पश्चात सेवा पखवाड़ा अंतर्गत हो रहे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए आम जन से इस अभियान को सफल बनाने की अपील की, साथ ही उक्त अभियान में रक्तदान में सहभागिता हेतु कहा ताकि जरूरतमंद लोगों की मदद हो सके। साथ ही उन्होंने नागरिकों से प्रधानमंत्री मोदी के जीएसटी बचत उत्सव और स्वदेशी को लेकर दिए गए संदेश को प्रचारित प्रसारित करने कहा ताकि ‘‘लोकल फॉर वोकल’’ की संकल्पना पूरी हो सके। पश्चात मोहंदा गांव में कंक्रीट सड़क निर्माण हेतु 10 लाख रुपये, विद्यालय परिसर में साइकिल स्टैंड हेतु 10 लाख रुपये की घोषणा की। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने ग्राम मोहंदा में आयोजित एक पेड़ मां के नाम और साइकिल वितरण कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गौरव का क्षण है कि वृक्षारोपण का यह पुनीत कार्य ग्राम मोहंदा में हो रहा है। उन्होंने छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण की बधाई देते हुए कहा कि हमारी सरकार में बच्चों के लिए स्कूली सामग्री से लेकर भोजन एवं आवागमन के लिए साइकिल का प्रबंध कर रही है, ताकि उनके सपनों को उड़ान मिले। बसना विधायक संपत अग्रवाल ने जीएसटी पर हुई छूट पर केंद्र सरकार का धन्यवाद देते हुए कहा कि यह सराहनीय कदम है। इस अवसर पर पूर्व विधायक सराईपाली त्रिलोचन पटेल, येतराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत सराईपाली लक्ष्मी पटेल, कलेक्टर विनय लंगेह, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




जीवेत्-शरदः शतम्
सिकासेर जलाशय सर्वेक्षण कार्य 5.69 करोड़
महासमुंद बरोंडा चौक से गौरवपथ 18.69 करोड़
महासमुंद एकता चौक से तुमगांव रोड 19.86 करोड़
आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज 9.65 करोड़
महतारी सदन विधानसभा के ग्राम-खट्टी, पटेवा, झलप, भोरिंग, बिरकोनी में स्वीकृति दिलाने वाले....
महासमुंद
विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक
श्री योगेश्वर
राजू सिन्हा जी
को (29 सितंबर) जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
Happy Birthday
मान. योगेश्वर 'राजू' सिन्हा जी
विधायक, विधानसभा-महासमुंद
विनीत : पंचायत सचिव संघ, जनपद पंचायत-महासमुंद

**खबर संक्षेप**

## शिक्षक फेडरेशन के लगातार तीसरी बार ब्लॉक अध्यक्ष बने बाबूलाल ध्रुव

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन का विकासखंड अध्यक्षों का निर्वाचन जारी है उसी कड़ी में जिले के पांचों विकासखंड में निर्वाचन पूर्ण हुआ। महासमुंद ब्लॉक से निर्धारित समय सीमा तक केवल एक नामांकन प्राप्त हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी राजू टंडन के द्वारा बाबूलाल ध्रुव को निर्विरोध निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर बीआरसीसी कार्यालय में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष बाबू लाल ध्रुव ने कहा कि आपने मुझे तीसरी बार ब्लॉक की कमान सौंप कर मुझे ऋणी बना दिया है यह जीत विश्वास की जीत है। आप सबको विश्वास दिलाता हूं कि आपके विश्वास को टूटने नहीं दूंगा। शिक्षकों की हर छोटी-बड़ी समस्या के लिए जवाबदारी के साथ कार्य करूंगा। इस अवसर पर प्रदेश सचिव ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि हम सभी शिक्षक साथियों को एकजुट होकर रहना है। आगे हमें बहुत सी मांगों को लेकर संघर्ष करना है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श सहायक निर्वाचन अधिकारी डिगेश पुरेना, राजेश चंद्राकर, अजय बंजारे, लव निर्मलकर, मुनिया निर्मलकर, नूतन दुबे आत्मा राम साहू, मुकेश बैस, लुकेश ध्रुव, राहुल चौधरी, शंकर लाल ठाकुर, खुमान ध्रुव आदि मौजूद थे।

### कार्यक्रम : महिला नागरिक बैंक की आमसभा का हुआ आयोजन

# सदस्यों को मिलेगा 13 प्रतिशत लाभांश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित महासमुंद की वर्ष 2024-25 हेतु वार्षिक आमसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में मां सरस्वती की प्रतिमा पर बैंक के अध्यक्ष अरुणा शुक्ला, उपाध्यक्ष द्वय सती साहू, निर्मला चंद्राकर एवं संचालक मंडल के सदस्यों अनिता जी रावटे, रंजना शर्मा, इंद्राणी पाण्डेय, उषा चंद्राकर, श्यामकुमारी महिलांग, राजेश्वरी तिवारी, सुनिता देवांगन, मीना वर्मा, साधना सिंह ठाकुर एवं बैंक प्रतिनिधि तारा चंद्राकर, सीता डोंडेकर की मौजूदगी में हुआ। सरस्वती वंदना बैंक की वरिष्ठ सदस्य निरंजना चंद्राकर द्वारा संपन्न किया गया।

बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार दवे के द्वारा विषय सूची के अनुसार सविस्तार जानकारी आमसभा में प्रस्तुत की गई जिसे उपस्थित सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से पारित कर अनुमोदित किया गया। इस दौरान सदस्यों को उनके अंश राशि पर 13 प्रतिशत लाभांश देने की जानकारी दी गई।

बैंक की अध्यक्ष अरुणा शुक्ला द्वारा अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उपस्थित संचालक मंडल के सहयोगियों, अंशधारियों तथा बैंकिंग सेवा में समर्पित साथियों का सादर अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि सहकारिता के जनक पं. नेहरू के द्वारा सहकारिता के आधारशिला के परिपेक्ष्य में एवं उनकी प्रेरणा से महिला नागरिक सहकारी बैंक की तरह अनेक संस्थाएं देश के कोने-कोने में संचालित है। सहकारिता वस्तुतः सहभागिता का ही पर्यायवाची है। इसी सहभागिता के कारण आज हम सहकारिता आंदोलन के पहली पंक्ति में स्थापित हो चुके हैं। सहभागिता के बलबूते पर गत वार्षिक आमसभा में घोषणा के अनुरुप महिला बैंक द्वारा नई शाखा आरंग में खोलने हेतु निर्धारित सभी मापदंडों को सफलतापूर्वक पूर्ण किया एवं इसी आधार पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नई शाखा आरंग में खोलने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। नई शाखा आरंग ने अपना बैंकिंग व्यवसाय माह दिसंबर 2024 से प्रारंभ किया। मात्र 8 माह की अल्प अवधि में आरंग शाखा द्वारा सफलतापूर्वक बैंकिंग कार्य संपादित किया जा रहा है। उन्होंने संचालक मंडल के निर्णय के परिपालन में वर्ष 2024-25 हेतु अपने सदस्यों को उनकी अंश राशि पर 13 प्रतिशत की दर से



लाभांश देने की घोषणा की है जिसका सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। संचालक मंडल का यह निर्णय स्वागत योग्य है। हम इस लाभांश वितरण की योजना को निरंतर जारी रखना चाहते हैं जिसके लिये आप सभी से व्यवसायिक सहयोग की अपेक्षा रखते हैं।

बैंक की पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ संचालक अनिता जी रावटे ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में सदस्यों को संबोधित किया। उन्होनें बताया कि छत्तीसगढ़ में केवल तीन महिला बैंक कार्यरत है जिसमें से महासमुंद जिले का एकमात्र महिला नागरिक बैंक है जो निरंतर उन्नति की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा यदि महिलाओं में चाह और राह हो तो सब कुछ संभव है और इसी संभावनाओं के आधार पर आरंग में नई शाखा खोलकर नया मुकाम हासिल किया है। उन्होंने आरंग क्षेत्र के महिलाओं से आव्हान किया कि अधिक से अधिक सदस्य बैंक से जुडक़र बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उठायें। बैंक के गुणात्मक अद्वितीय प्रगति का श्रेय प्रबंधकारिणी के बहनों के साथ साथ कर्मचारियों को दिया जिनके सद्व्यवहार, कर्तव्यनिष्ठा तथा लगन स्वरुप हम इस मुकाम तक पहुंच चुके हैं। उन्होंने बताया कि आगामी आने वाले वर्षों में बैंक का और विस्तार किया जाना है जिसके लिये आप सभी से व्यवसायिक सहयोग की आशा रखती हूं।

बैंक की वरिष्ठ उपाध्यक्ष सती साहू ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बैंक के विद्यमान वित्तीय आंकड़ों में वृद्घि के लिये हमें कृत संकल्पित होना पड़ेगा और यह सब कुछ सभी अंशधारियों, खाताधारक भाईयों एवं बहनों के संयुक्त प्रयास से संभव हो सकेगा।

वार्षिक साधारण सभा में सहकारिता विभाग से सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी एसआर बंजारे ने अपने उद्बोधन में बैंक की 27 वर्षों की प्रगति का उल्लेख किया तथा उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है। बहुउद्देशीय सहकारिता के गठन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैंक की पूर्व संचालक तारिणी चंद्राकर ने भी सभा को संबोधित किया। सभी सदस्यों को अधिक से अधिक बैंक से जुडक़र बैंकिंग सुविधाओं को लाभ उठाना चाहिये एवं बैंक की उत्तरोतर प्रगति के लिये समय समय पर शिकायत / सुझाव दिये जाने की बात कही। पत्रकार एवं बैंक की सदस्य उत्तरा विदानी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि नई शाखा के स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किये जाने चाहिये जिससे कि अधिक से अधिक महिलाएं बैंक से जुड़ सके। अंत में बैंक की प्रोफेशनल संचालक व अधिवक्ता साधना सिंह ठाकुर ने आभार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सहकारी आंदोलन के ध्वज को सफलता के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचाने हेतु कृत संकल्प संचालक मंडल की सभी बहनों, अंशधारियों और खातेदारों का मैं आभार व्यक्त करती हूं। मैं उन सभी संस्थाओं की आभारी हूं जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से बैंक के संचालन में सहयोग प्रदान किया है। भारतीय रिजर्व बैंक, सहकारिता विभाग एवं अन्य सभी सहयोगी व्यवसायिक संस्थाओं का आभार व्यक्त करती हूं। अंत में मैं पुनः वांछित सहयोग की चाहत लिये आप सभी की दीर्घायु एवं सुखद जीवन की शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा करती हूं। कार्यक्रम में आरंग क्षेत्र, महासमुंद शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से उपस्थित महिलाओं ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिये विशेष सहयोग प्रदान किया।

## पंचमी पर मां दुर्गा को सोलह शृंगार के साथ 108 नींबूओं से बनी माला समर्पित



**नर्रा।** शारदीय क्वांर नवरात्र पर क्षेत्र के देवी मंदिरों और सार्वजनिक दुर्गा पंडालों में पंचमी के अवसर माता देवी की पांचवी स्वरूप स्कंदमाता की विशेष पूजन कर सोलह शृंगार में चुनरी, चूड़ी, नेल पॉलिश, मेंहदी, रिबन, कंघी, बाली, दर्पण, पायल, काजल, बिंदी, पाउडर, तेल इत्यादि अर्पित किया गया। शक्ति की भक्ति आराधना का पर्व क्वांर नवरात्र सोमवार से शुरू हुआ है, जहां देवी मंदिरों तथा दुर्गा पंडालों में माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर मनोकामना का ज्योत प्रज्ज्वलित किए गए हैं। जहां स्थानीय लोग प्रतिदिन मां दुर्गा की पूजा अर्चन व महाआरती में सम्मिलित हो रहे है। पिछलों छह दिनों से दुर्गा पंडालों में मांदर, झांज, मंजीरा की थाप पर माता के जसगीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। क्षेत्र में शनिवार को शृंगार पंचमी के अवसर पर भक्तों ने माता की विशेष पूजन की पुरोहित के द्वारा 108 नींबूओं की माला व श्रृंगार सामग्री आदि शक्ति मां दुर्गा को भेंट कर चना-गुड़ का लोग लगाया गया। वहीं सुबह-शाम पूजन आरती में भक्तों की भीड़ देखी जा रही है।



## खोकसा में दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनाई गई

**भंवरपुर।** शासकीय हाईस्कूल खोकसा में दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के पावन अवसर अवसर पर संकुल प्राचार्य पी एन ठाकुर एवं संकुल समन्वयक नंदकुमार चौहान, सरपंच ग्राम पंचायत खोकसा बाबूलाल दीवान, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर शिव चौधरी, जनपद सदस्य मधु प्रेम खूंटे, मोहित नायक, सत्यनारायण साहू, संतराम निषाद, नंदकुमार चौहान रोजगार सहायक, दादूलाल चौहान, विद्यालय के सभी शिक्षकों की उपस्थिति में दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर मालयार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ततपश्चात अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। संकुल समन्वयक एनके चौहान ने अपने उद्बोधन में कहां कि दीनदयाल उपाध्याय का जीवन समाज के लिए अनुकरणीय है। उनके आदर्श को जीवन में उतारकार हमअपने व्यक्तित्व का विकास करेंगे।

# विधायक ने लंबर में किया निशुल्क साइकिल का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

शासकीय हाई स्कूल लंबर में सरस्वती योजना के अंतर्गत निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन शाला प्रांगण में किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक चातुरी डिग्री लाल नंद, अध्यक्षता पुरुषोत्तम लाल चौरसिया पूर्व जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि घसिया सिदार जनपद सदस्य, गुलाब सिंह तोमर दुर्गा शिक्षा समिति लंबर, उप सरपंच अनिता चौरसिया, रनिया चौरसिया, फारम पटेल, कांग्रेस कार्यकर्ता चंदू चौरसिया, प्राचार्य जीपी पटेल, आरके पटेल, दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर उपस्थित थे।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माला अर्पण व नारियल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, सुआ नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं में अध्यनरत 20 छात्राओं को छत्तीसगढ़ सरकार की एक महती योजना सरस्वती निशुल्क साइकिल योजना अंतर्गत साइकिल प्रदान की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी डिग्री लाल नंद ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही। कार्यक्रम को सभी अतिथियों ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गण प्रमोद कुमार भोई, व्याख्याता सलीम खान, गिरीश पाढी एवं भारी तादाद में वरिष्ठ नागरिक गण पत्रकार सत्तार अली, खेम सिंग सिदार, ईश्वर पटेल उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य नवीन कुमार पटेल ने किया। छात्राओं द्वारा नृत्य के लिए विधायक द्वारा पुरस्कार वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।




# नपाध्यक्ष के निवास पहुंचे पूर्व गृहमंत्री का भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

नवरात्र के पावन अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निवास पहुंचे। उन्होंने परिजनों को नवरात्र उत्सव की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नपाध्यक्ष साहू सहित उनके परिजनों ने पूर्व गृहमंत्री का स्वागत किया। साथ ही शहर विकास के लिए किए जा रहे कार्यों से उन्हें अवगत कराया। नपाध्यक्ष के निवास आगमन पर पूर्व गृहमंत्री से मुलाकात करने नगर पालिका सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, सूरज नायक, जितेंद्र ध्रुव, मुस्ताक खान, गुलशन साहू, सहित पार्षद जय देवांगन, नीरज चंद्राकर, राहुल आवड़े, वरिष्ठ कांग्रेस नेता भरत सिंह ठाकुर, प्रहलाद ध्रुव, ईश्वर साहू, नीलू साहू, राजू साहू, राजेंद्र साहू, रवि साहू, प्रकाश आजमानी, लहरी सिंह ठाकुर, देवेश शर्मा, तुलसी साहू, गौरव चंद्राकर, सचिन गायकवाड़, सुनील चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, शाहबाज राजवानी, रत्नेश साहू, शुभम चंद्राकर, होरी साहू, कान्हा प्रधान आदि पहुंचे थे।

## बृजराज स्कूल के बच्चों ने किया गरबा

**महासमुंद।** नवरात्रि पर्व के अवसर पर पीएम बृजराज प्राथमिक शाला महासमुंद में बच्चों को सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से जोड़ते हुए उनके जीवन में आत्मविश्वास और आनंद का संचार करने के उद्देश्य से गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधान पाठक गोमती साहू के द्वारा नवरात्र पर्व के बारे में अवगत कराया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ, डाइट छात्र अध्यापक, व सभी बच्चे उत्साह पूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम में रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों में काफी उत्साह देखा गया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार महासमुंद, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

रा.मा.क्र.अ-6-अ वर्ष 2024-25
ग्राम खैरा प.ह.नं. 43
रा.नि.म. शेर
तहसील व जिला-महासमुन्द

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी खैरा को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि ग्राम खैरा प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. शेर तहसील व जिला महासमुन्द छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम खैरा प.ह.नं. 43 तहसील व जिला महासमुन्द स्थित भूमि खसरा नंबर 219/6 रकबा 0.0001 हेक्टे, पविर्तित भूमि समस्त राजस्व रिकार्डो में खाता क्रमांक 343 पर दर्ज चला आ रहा उक्त भूमि का ऑनलाईन रिकार्ड में त्रुटिवश रकबा कम हो गया है। अतः उक्त भूमि को ऑनलाईन रिकार्ड में रकबा सुधार कर प्रवृष्टि किये जाने हेतु छ.ग.भू.रा.सं.1959 की धारा 115 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय की पेशी तारीख 09/10/2025 को पेश कर सकते हैं। नियत तिथी पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार महासमुंद (छ.ग.)**

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं दण्डाधिकारी बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन सूचना/शपथ पत्र**

मैं Santosh Kumar Borundia Jain, उम्र 61 वर्ष, पिता श्री पारसमल बोरुन्दीय जैन, जाति जैन, वार्ड नं. 02 मेन रोड, बागबाहरा, पो. व तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.) शपथपूर्वक निम्नानुसार कथन करता हैः-

1.यह कि मेरा नाम पता एवं अन्य विवरण ऊपर दर्शाये अनुसार सत्य व सही हैं। 2. यह कि विभिन्न दस्तावेजों में मेरा नाम SANTOSH KUMAR JAIN // SANTOSHKUMAR JAIN // SANTOSH KUMAR // SANTOSH दर्ज है। 3.यह कि आधार कार्ड, पेन कार्ड, परिचय पत्र, बैंक खाते में मेरा नाम Santosh Kumar Borundia Jain दर्ज है। 4. यह कि मैं Santosh Kumar Borundia Jain उर्फ SANTOSH KUMAR JAIN उर्फ SANTOSHKUMAR JAIN उर्फ SANTOSH KUMAR उर्फ SANTOSH इन सभी नामों से जाना एवं पहचाना जाता हूँ, उक्त नाम मेरे ही सत्य एवं वास्तविक नाम हैं उक्त सभी नाम एक ही व्यक्ति के है। 5. यह कि अब मुझे Santosh Kumar Borundia Jain के नाम से जाना जावें। 6. यह कि मैनें इस शपथ-पत्र में समस्त सारवान तथ्यों का सत्य उल्लेख किया है, कोई तथ्य छुपाया नहीं है ना ही किसी तथ्य को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत किया है। इस राजपत्र के किसी तथ्य के गलत पाये जाने पर उसकी सारी जिम्मेदारी मुझ पर होगी। यह कि यह शपथ पत्र छ.ग. राजस्व प्रकाशन हेतु प्रस्तुत कर रहा हूँ।

मुहर

**शपथकर्ता**







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




संकलनकर्ता- प्रीतपाल सिंह सलूजा, सलूजा एड एजेंसी, हरिभूमि संवाददाता झलप, मो.- 9977000794













संकलनकर्ता- प्रीतपाल सिंह सलूजा, सलूजा एड एजेंसी, हरिभूमि संवाददाता झलप, मो.- 9977000794




संकलनकर्ता- प्रीतपाल सिंह सलूजा, सलूजा एड एजेंसी, हरिभूमि संवाददाता झलप, मो.- 9977000794

## खबर संक्षेप



### पड़कीपाली में हुआ नेवता भोज का आयोजन

**भंवरपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला पड़कीपाली में शाला विकास समिति के अध्यक्ष तेज कुमार चौधरी की ओर से प्राथमिक शाला के समस्त विद्यार्थियों हेतु न्योता भोज का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। विद्यालय परिवार पड़कीपाली हेडमास्टर बीरेंद्र कुमार भोई, सहायक शिक्षक मनोज कुमार बाघ की ओर से समिति के अध्यक्ष तेजकुमार चौधरी का आभार जताया।



### सिंघी में नेवता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** नवरात्रि के पावन पर्व नेवता भोज का आयोजन शिक्षकों शिक्षिकाओं के द्वारा किया गया। शाला स्तर पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। कन्या भोज से नवरात्रि पर्व को विशेष बनाया गया। नवरात्रि के महत्व को बच्चों के द्वारा प्रस्तुत की गई एवं इस पावन पर्व पर विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। बच्चों को कन्या भोज पश्चात उपहार स्वरूप भेंट दिया गया। इस नेवता भोज में पीतांबर राव पाठक ( प्रधान पाठक), राजेंद्र कुमार साहू, प्रतिभा साहू, नूतन दुबे का विशेष योगदान रहा। इस दौरान ज्योति यादव उर्मिला यादव वंदना निषाद उपस्थित थे।



### रणजी ट्रॉफी में महासमुंद के शशांक का चयन

**महासमुंद।** स्थानीय प्रतिभाशाली क्रिकेटर शशांक चंद्राकर का चयन आगामी रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता हेतु किया गया है। शशांक की इस उपलब्धि ने न केवल जिले का मान बढ़ाया है, बल्कि खेल जगत में महासमुंद की पहचान को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। शशांक ने निरंतर कठिन परिश्रम, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी मेहनत और समर्पण का प्रतिफल आज उन्हें रणजी ट्रॉफी जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में मिला है। यह चयन आने वाली पीढ़ी के उभरते खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगा कि यदि संकल्प और अनुशासन के साथ प्रयास किया जाए तो सफलता निश्चित है। इस अवसर पर जिला क्रिकेट संघ के सभी सदस्यों ने आशा व्यक्त की कि शशांक निकट भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन करेंगे।

## निधन

### रतनी मेहर



**बिरकोनी।** ग्राम बड़गांव पुरानी बस्ती निवासी रतनी मेहर (55 वर्ष) का 26 सितंबर शुक्रवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार सुबह 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रामरतन मेहर की पत्नी व लोमश मेहर की माता थीं।

### जगदीश निषाद



**बिरकोनी।** ग्राम बड़गांव पुरानी बस्ती निवासी जगदीश निषाद (65 वर्ष) का 25 सितंबर गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महानदी घाट में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिक जन शामिल हुए। वे परमिला निषाद के पति व गजानंद निषाद, जनक निषाद के पिता थे।

---

गोलमाल : भवन निर्माण की निविदा प्रक्रिया पर उठे सवाल

# भवन निर्माण की निविदा निरस्त करने और अफसरों पर कार्रवाई की मांग


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन की घोषणा

- शासन स्तर पर की गई भ्रष्टाचार की शिकायत





अंतर्गत ग्राम गढ़फुलझर में सर्व जन समाज मंगल भवन निर्माण के लिए 43.65 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस कार्य की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण मंडल को दी गई थी। इसके तहत विभाग द्वारा प्राक्कलन तैयार कर ऑनलाइन पोर्टल cgeproc.cg.in पर निविदा आमंत्रित की गई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, निविदा प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं और भ्रष्टाचार के प्रमाण सामने आए हैं। ऑनलाइन निविदा प्रकाशन एवं बीड सबमिशन की शुरुआत 29 जुलाई 2025 को दोपहर 3:15 बजे हुई और उसी दिन शाम 5:30 बजे अंतिम समय निर्धारित किया गया। यानी ठेकेदारों को निविदा डालने के लिए महज 2 घंटे 15 मिनट का समय दिया गया। इसके अलावा फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2025 शाम 5:30 बजे रखी गई थी। आवेदक भक्तचरण कोसरिया ने आरोप लगाया है कि यह निविदा प्रक्रिया पूर्णतः मनमानी और भ्रष्टाचारपूर्ण तरीके से की गई। केवल एक समर्थक ठेकेदार का निविदा अपलोड होना इसकी पुष्टि करता है। आवेदक ने निविदा निरस्त करने तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। मामले की शिकायत राज्यपाल, मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, गृह निर्माण मंडल सहित मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर को भी भेजी गई है। अब देखना होगा कि शासन इस पर क्या कदम उठाता है।

# प्रभारी मंत्री बघेल गणेश महायज्ञ में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

ग्राम अंसुला में चल रहे श्रीमन महागणेश महायज्ञ में प्रदेश के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल एवं बसना विधायक संपत अग्रवाल शामिल हुए। मंत्री बघेल व विधायक अग्रवाल ने भगवान गणेश की आराधना कर प्रदेश व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने यज्ञकर्ता सियाराम दास जी महाराज (खाखी बाबा मठ, हिंगोली महाराष्ट्र) से आशीर्वाद प्राप्त किया। गौरतलब है कि ग्राम अंसुला में यह महायज्ञ पिछले तीन माह से निरंतर जारी है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरषोत्तम घृतलहरे, जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, मंडल अध्यक्ष हरिचरण प्रधान, हलधर साहू, कैलाश अग्रवाल, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, निरंजन यादव, सरपंच सुधारू पालेश्वर, सोनू छाबड़ा, सौरभ अग्रवाल, सुशील प्रधान, नरेंद्र बोरे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ज्वाइनिंग देकर व्याख्याता गायब, विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति में विधायक प्रतिनिधि विजय शंकर निगम ने वर्षा तिवारी व्याख्याता (वाणिज्य) शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा की अनियमित एवं वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों का उल्लंघन करने, बिना सक्षम अधिकारी के पूर्व स्वीकृति के अर्जित अवकाश में रहने, लंबे समय से शाला में अनुपस्थित रहने एवं अन्य अनियमिताओं की शिकायत संचालक लोक शिक्षण रायपुर एवं कलेक्टर महासमुंद से



कर कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने अपने पत्र में बताया कि वर्षा तिवारी ० या ख या ता (वाणिज्य) का युक्तियुक्तकरण के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में पदस्थापना की गई थी, जिसके तहत उन्होंने 09.06.2025 को शाला में पदभार ग्रहण किया था। पदभार ग्रहण करने उपरान्त नियम विरुद्ध उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने के साथ अनेकानेक अनियमितता बरतते हुए शासकीय एवं विभागीय नियम का उल्लंघन किया जा रहा है।

निगम ने कहा कि वर्षा तिवारी ने 09 जुलाई, 2025 को प्राचार्य को एक पत्र लिख कर सूचित किया कि वह नर्रा में उपस्थिति देने में असमर्थ है। तो क्यों न उनके उक्त सूचना को उनका त्यागपत्र माना जावें? साथ ही साथ उन्होंने ग्रामवासियों पर अनगिनत आरोप लगाये हैं जो कि जांच का विषय है। निगम ने मांग करते हुए निवेदन किया है कि शिकायत पर वर्षा तिवारी के विरुद्ध त्वरित अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें स्कूल में उपस्थित होने, कार्यभार ग्रहण कर अध्यापन कार्य करने के निर्देश दिए जाएं।

# विधायक ने किया पेंशन भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



क्षेत्र के पेंशनर्स के लिए समर्पित पेंशन भवन का लोकार्पण रविवार को बसना विधायक संपत अग्रवाल ने किया।

इस अवसर पर भवन समिति के पदाधिकारी, पेंशनर्स और स्थानीय डॉ. खुशबू अग्रवाल नगर पंचायत अध्यक्ष, महंत लखन मुनि प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला, महंत रामप्रसाद दास, महेंद्र सिंह अरोरा पार्षद सहित अन्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांतीय सचिव रासबिहारी प्रधान ने कहा कि यह भवन आप सभी के सहयोग और संकल्प का परिणाम है। पेंशनर्स के हित में निर्मित यह भवन आने वाले समय में संगठन और सामाजिक कार्यों का केंद्र बनेगा। भवन निर्माण और संचालन में समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान अध्यक्ष भगवान प्रसाद सेठ, उपाध्यक्ष रविलाल पटेल, कमल लोचन प्रधान, सचिव रासबिहारी प्रधान, कोषाध्यक्ष वैष्णव पात्र, मीडिया प्रभारी गुलाब किशोर स्वर्णकार, प्रवक्ता एवं संरक्षक बनमाली प्रधान, युधिष्ठिर कर, सहयोगियों में नंदलाल भोई, कैलाशचंद्र साहू, हेमराज पटेल, वालेश्वर प्रधान, गोबर्धन बिशि, दुर्लम प्रधान, मनाराम यदु, कैलाशचंद्र प्रधान, दुर्गाचरण भोर, लक्ष्मीनारायण पांडे, गणेशराम जगत, रासबिहारी भोई, पुरुषोत्तम सतपथी, अवणकुमार विशाल, सच्चिदानंद त्रिपाठी, पुरुषोत्तम पटेल, गोकुल नायक, रघुराम पटेल एवं महेंद्र महापात्र का विशेष योगदान रहा।

लोकार्पण अवसर पर उपस्थित अतिथियों और पेंशनर्स ने इस भवन को संगठन की शक्ति और सामूहिक प्रयास का प्रतीक बताया।

# सरस्वती शिशु मंदिर को मिला 'उत्कृष्ट विद्यालय' सम्मान

## एसडीएम साहू ने प्राचार्य निर्मलकर को प्रदान किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन और अनुशासित शैक्षणिक वातावरण के लिए स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को बागबाहरा तहसील के अंतर्गत हिंदी माध्यम के विद्यालयों में "उत्कृष्ट विद्यालय" होने का सम्मान प्राप्त हुआ है। यह सम्मान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उमेश साहू द्वारा एक भव्य समारोह में विद्यालय के प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर को प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, शिक्षा प्रेमी, अभिभावक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

समारोह में एसडीएम साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सशिमं (बागबाहरा) ने शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन, सांस्कृतिक गतिविधियों, खेलकूद तथा सामाजिक मूल्यों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। यही कारण है कि विद्यालय तहसील के अन्य विद्यालयों के बीच एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

सम्मान प्राप्त होने पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया। इस अवसर पर विद्यालय संचालन समिति के पदाधिकारी, आचार्यगण एवं विद्यार्थियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की और इसे विद्यालय की सामूहिक उपलब्धि बताया। प्राचार्य निर्मलकर ने इस सम्मान के लिए आयोजन समिति एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के परिश्रम और सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा।



### फेडरेशन के तीसरी बार के अध्यक्ष बने शरण दास

**बसना।** बीआरसीसी भवन बसना में निर्धारित सहायक शिक्षक फेडरेशन समग्र शिक्षक चुनाव कार्यक्रम में शरण दास को एक ही नामांकन होने के चलते निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया किया। शरण कुमार दास शुरू से शिक्षक संगठन के कर्मठ जुझारू लगन शील स्कूल के प्रति काम एक होनहार मास्टर ट्रेनर हैं। शरण दास के अध्यक्ष बनने में सभी ने उन्हें बधाई दी। अनिल सिंह साव बीआरसीसी बसना, विजय कुमार धृतलहरे, नीलांबर नायक, गजेंद्र नायक वारिश कुमार सुरेश नंद, सुशील प्रधान, हीराराम चौहान, इंदल सिंदर, सुरेंद्र निर्मलकार, सरस्वती पटेल, संतराम बंजारा, रूपानंद दास, गोकुल प्रसाद नंद, राधेश्याम पटेल, सीताराम नायक, केके यादव, योगेश रूपेश बीसी, प्रश्न प्रधान, बढ़ाई, दिलप्रसाद चौहान छत राम चौहान उपेंद्र परेश्वर, निर्वाचन अधिकारी विजय राजपूत ने हर्ष जताया है।

# सिरको में नल-जल योजना का कार्य तेजी पर, हर घर तक पहुंचेगा स्वच्छ पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



ग्राम पंचायत सिरको में बरसों से लंबित पड़ी सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना अब रफ्तार पकड़ चुकी है। इन दिनों गांव की गलियों और सड़कों के किनारे जेसीबी मशीन से गड्ढे खोदकर पाइपलाइन बिछाने का कार्य तेजी से चल रहा है। गांव-गांव तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई इस योजना को पूरा करने के लिए स्थानीय प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधि लगातार प्रयासरत हैं। हालांकि निर्माण कार्य के चलते ग्रामीणों को अस्थायी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, फिर भी लोग भविष्य की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सहयोग कर रहे हैं। ग्राम पंचायत सिरको के सरपंच फगुलाल नेताम ने ग्रामीणों से धैर्य रखने की अपील करते हुए कहा, "कुछ दिनों की असुविधा के बाद हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। गर्मियों में पानी की किल्लत और जल संकट की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। गांव की महिलाओं और बुजुर्गों ने इस योजना का स्वागत करते हुए कहा कि अब उन्हें दूरस्थ हैंडपंपों और कुओं पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। घर-घर पाइपलाइन से पानी मिलने पर समय और श्रम की बचत होगी। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने नल-जल योजना के माध्यम से हर ग्रामीण परिवार तक सुरक्षित पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। सिरको में चल रहा यह कार्य आने वाले समय में ग्रामीण जीवन की दिशा और दशा बदलने में अहम भूमिका निभाएगा।

# अनुविभाग स्तर पर संकुल देवरी को मिला सम्मान



**बागबाहरा।** संकुल देवरी के संकुल समन्वयक मनोज चक्रधारी को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र हेतु ब्लाक स्तर पर प्रथम पायदान पर रहने के कारण एसडीएम बागबाहरा द्वारा अनुविभाग स्तर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान पूरे संकुल के शिक्षकों के सहयोग एवं कड़ी मेहनत के फलस्वरूप मिला है। इस सम्मान का हकदार संकुल के प्रत्येक शिक्षक है, जिन्होंने ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी घर-घर जाकर पालकों से मिलकर लक्ष्य को पूर्ण किया है। संकुल समन्वयक मनोज चक्रधारी ने संस्था प्रमुख समस्त स्टाफ के साथ बैठक लेकर समस्याओं को दूर कर एवं खेत खलिहानों में जाकर शत प्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण किया है।

उक्त सम्मान के लिए जनपद सदस्य राहुल चंद्राकर, सरपंच अहिल्या शांताराम साहू, बीईओ केके वर्मा, एबीईओ रामता डे, बीआसीसी भूपेश्वरी साहू, संकुल प्राचार्य डोमन सिंह टंडन, समस्त संस्था प्रमुख, समस्त शिक्षक स्टाफ, समस्त शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं समस्त पालकगणों ने हर्ष जताया है।

# महंत हेमदास साहब का सतलोक गमन, केंदूढार में संत समागम एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)



सरायपाली से लगभग 5 किलोमीटर दूर कबीर आश्रम केंदूढार में आश्रम के पूर्व महंत हेमदास साहब के सत्य लोक गमन के मौके पर शनिवार को संत समागम एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, यह आयोजन महंत हेमदास साहब के सत्य लोक गमन के 17 वें दिन में संत समागम का आयोजन किया गया। यह आयोजन डिग्रीलाल साखरे पिंजारा समाज, सरपंच ग्राम पंचायत केंदूढार, ग्रामीण समाज एवं संत महंत के सानिध्य में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में महासमुंद लोक सभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, कबीर साहब के प्रकटय जन्म स्थली के पीठाधीश्वर महंत गोविंद दास शास्त्री, बम्हनीडीह के महंत संतोष दास, कबीर साहब के निर्वाण स्थली मगहर से महंत हरीशचंद्र दास, कोरबा से ज्ञानेश्वर साहब, महश्वर साहब, तौलीपाली महंत नरेंद्र दास, रायपुर कुरुक्षेत्र से गुरुमुख साहब, कबीर कुटी के महंत गोपाल दास साहब, राजेश्वर दास साहब और अनेक कबीर पंथी महंत प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि कबीर साहब की वाणी हमें जीने का सही मार्गदर्शन करती है, संतों का जीवन मार्गदर्शक होता है और छत्तीसगढ़ महासमुंद जिले के सरायपाली के अंतर्गत कबीर आश्रम केंदूढार में बहुत अधिक संख्या में संतो का आगमन हुआ है जो हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। महंत गोविंद दास शास्त्री ने कहा कि हेम साहब का बड़ा प्रताप है कि संतों के आगमन से कई तीर्थों का फल आश्रम केंदूढार में मिल रहा है। इन सभी की उपस्थिति एवं सानिध्य में कबीर आश्रम केंदूढार का रामकुमार दास को महंत एवं आश्रम का उत्तराधिकारी कृष्णा दास को बनाया गया।

